हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 10 सितंबर 2025



04 स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में देवास नगर निगम को...




08 लिपिक वर्ग कर्मचारी संघ ने सौंपा कलेक्टर के नाम ...



## खबर संक्षेप

### छात्रवृत्ति के ऑफलाइन नवीन आवेदन की अंतिम तिथि 18 सितंबर

**सीहोर।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 एवं 2025-26 के अंतर्गत विमुक्त घुमन्तु और अर्द्ध घुमन्तु समुदाय के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के ऑफलाईन नवीन आवेदन प्रारंभ हो गए है, जिसकी अंतिम तिथि 18 सितंबर 2025 है।

### पिछले 24 घंटे में 0.4 एमएम औसत बारिश

**सीहोर।** जिले में बीते24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 0.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 3, मिलीमीटर, श्यामपुर में 0, आष्टा में 0, जावर में 0, इछावर में 0, भैरूंदा में 0, बुधनी में 0, रेहटी में 0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से 8 सितम्बर को सुबह 8 बजे तक 934.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 969.9 मिलीमीटर थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से 8 सितम्बर 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 850, मिलीमीटर, श्यामपुर में 868, आष्टा में 708, जावर में 690.6, इछावर में 867.3, भैरूंदा में 984, बुधनी में 1308 तथा रेहटी में 1199.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### धान उपार्जन के लिए पंजीयन 15 से प्रारंभ

**सीहोर।** धान उपार्जन के लिए पंजीयन 15 सितम्बर 2025 से 10 अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा। धान उपार्जन के लिए किसान अपना पंजीयन लोक सेवा केंद्र, एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे, तहसील स्थित सुविधा केंद्र, ग्राम एवं जनपद पंचायत कार्यालय स्थित सुविधा केंद्र, सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केंद्र तथा एमपी किसान एप के माध्यम से करा सकते हैं। शासन के निर्देशानुसार सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसानों के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन संस्था स्तर पर स्थापित पजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। इस श्रेणी के शत-प्रतिशत किसानों का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा। किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विकय उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा तथा किसान के आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान करने में किसी कारण से समस्या उत्पन्न होने पर किसान द्वारा पंजीयन में उपलब्ध कराये गए बैंक खाते में किया जाएगा। किसान पंजीयन के समय किसान को बैंक खाता नंबर और आईएफएससी कोड की जानकारी उपलब्ध करानी होगी।

# अक्टूबर महीने में सीहोर आ सकते हैं प्रधानमंत्री मोदी !

### जिला मुख्यालय पर आयोजित होगा चार दिवसीय किसान सम्मेलन



**सीहोर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक बार फिर सीहोर की धरती पर आ सकते हैं। बताया जा रहा है कि अगले माह अक्टूबर में जिला मुख्यालय पर विराट किसान सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। यह कार्यक्रम चार दिवसीय रहेगा, जिसमें किसी एक दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी सम्मिलित होंगे। पीएम मोदी की अगवानी की खबर के बाद से जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड पर आ गया है। बता दें प्रदेश की मोहन यादव सरकार की मंशा अनुसार प्रदेश में किसान सम्मेलन का आयोजन होना है। इस आयोजन को लेकर सीहोर जिला चिहिन्त किया गया है। यह किसान सम्मेलन 12, 13, 14 और 15 अक्टूबर को चार दिनों तक चलेगा।

इस दौरान किसी भी एक दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। पीएम मोदी के संभावित आगमन को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था के मद्देनजर तैयारियां शुरू कर दी हैं।

### तीन आईएएस अफसरों ने देखी संभावित जगहें

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पीएम मोदी के कार्यक्रम के लिए जगह का चयन करने के लिए तीन आईएएस अफसरों की एक टीम ने सीहोर का दौरा किया है। इस टीम ने जिला मुख्यालय पर तीन प्रमुख स्थानों का निरीक्षण किया।

### जगह न मिली तो बदल सकती है जगह

सूत्रों के अनुसार अगर किसी कारणवश सीहोर जिला मुख्यालय पर पर्याप्त जगह नहीं मिल पाती है तो यह कार्यक्रम रायसेन या भोपाल में स्थानांतरित किया जा सकता है। हालांकि प्रशासन की पहली प्राथमिकता सीहोर में ही कार्यक्रम को आयोजित करना है।

एसडीएम तनमय वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री के आगामी दौरे को लेकर कार्यक्रम स्थल के चयन के लिए कुछ जगहों का निरीक्षण किया है, लेकिन अभी तक कोई जगह तय नहीं हुई है।

### इन संभाजित स्थानों पर आयोजन

- शेरपुरः यह वही जगह है जहां पहले भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम आयोजित हो चुका है। यहां विशाल मैदान होने के कारण बड़ी सभाओं के लिए यह एक उपयुक्त विकल्प है।
- सोया चौपालः यह स्थान किसानों से सीधा जुड़ाव रखता है। यह स्थान पर भी इंदौर-भोपाल हाईवे से जुड़ा है, जिससे सम्मेलन में आने जाने वाले किसानों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़ा।
- आरएके कृषि कॉलेजः कृषि कॉलेज का परिसर भी एक बड़ा विकल्प है, जहां सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाएं आसानी से संभाली जा सकती हैं।

### बीते 15 दिनों से जिलेभर के किसान बीमा क्लेम राशि के लिए अलग-अलग तरह से कर रहे आंदोलन

# प्रदर्शनः बीमा कंपनी के खिलाफ आक्रोशित किसानों ने थाली बजाकर और फसल लहराकर लगाए नारे

### हाथों में खराब सोयाबीन की खराब फसल, एक किमी लंबी किसानों की कतार आक्रोश व्यक्त करते निकली गांव से

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





खराब फसलों की बीमा राशि नहीं मिलने को लेकर किसानों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा जी के नेतृत्व में लगभग हर दिन किसी ने किसी गांव में खराब सोयाबीन की फसल के मुआवजे और बीमा राशि को लेकर आक्रोश व्यक्त किया जा रहा है। ग्राम बिजोरा में किसान एकत्रित हुए। जिसमें बच्चे, बड़े, युवा, बुजुर्ग, महिला, पुरुष सभी शामिल थे। एक किमी लंबा रेला गांव के विभिन्न मार्गो से निकलकर करीब पांच किमी से अधिक तक पैदल चला। इस दौरान थाली बजाते हुए आक्रोश व्यक्त करते हुए निकला। सभी के चेहरों पर आक्रोश साफ झलक रहा था। किसानों ने ठान लिया है कि जब तक किसानों को बीमा राशि नहीं मिलती है। प्रदर्शन चलता रहेगा।

जिले के ग्राम बिजोरा में किसानों का गुस्सा एक बार फिर सड़कों और खेतों में दिखाई दिया। खराब हुई फसलों की बीमा राशि की मांग को लेकर ग्रामीणों ने गांव से लेकर खेतों तक लगभग लंबी रैली निकाली। इस रैली में सिर्फ किसान ही नहीं बल्कि महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल हुए। हाथों में खराब सोयाबीन की फसल लेकर किसान थाली बजाते हुए नारेबाजी कर रहे थे और बीमा कंपनियों से 5 साल से खराब हो रही फसलों की बीमा राशि देने की मांग कर रहे थे।

आंदोलन का नेतृत्व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा कर रहे हैं। उनका कहना है कि बीते 15 दिनों से जिलेभर के किसान अलग-अलग तरीकों से आंदोलन कर रहे हैं। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के गांव से लेकर सीहोर जिले के केंद्रीय कृषि मंत्री के गृह जिले सीहोर के गांव एवं शाजापुर जिले के जिले के ग्रामीण किसान कोई नदी में जल सत्याग्रह कर रहा है, कोई पानी की टंकी पर चढ़कर विरोध जता रहा है तो कई किसान खेतों में लेटकर प्रदर्शन कर रहे हैं। लगातार पांच वर्षों से सोयाबीन की फसल खराब हो रही है, लेकिन बीमा कंपनियों और प्रशासन की ओर से अब तक किसी तरह का सर्वे नहीं किया गया। यहां तक कि किसी भी अधिकारी ने गांव पहुंचकर किसानों से हालात की जानकारी लेने की कोशिश तक नहीं की। उन्होंने बताया कि इससे पहले किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली में खराब फसल लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे थे और प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री तथा कृषि मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर शीघ्र सर्वे व बीमा राशि दिलाने की मांग कर चुके हैं। लेकिन प्रशासन और बीमा कंपनियों की चुप्पी से किसानों में आक्रोश लगातार बढ़ रहा है।

## ढोल-अखाड़ों संग ईद मिलाद उन नबी का जुलूस निकला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



नगर में मुस्लिम त्योहार कमेटी ने सोमवार को ईद मिलाद उन नबी का जुलूस निकाला। यह जुलूस पैगंबर मोहम्मद की यौमे पैदाइश के अवसर पर आयोजित किया गया। गणेशोत्सव और प्रशासन के दिशानिर्देशों को देखते हुए जुलूस की तारीख आगे बढ़ाई गई थी। मूल रूप से यह त्योहार 5 सितंबर को मनाया गया था। कमेटी के संरक्षक नौशाद खान के अनुसार, जुलूस दोपहर में छावनी सराय से शुरू हुआ।

यह गांधी रोड, नमक चौराहा, लाल मस्जिद और कोतवाली चौराहा होते हुए आगे बढ़ा। फिर पुराना बस स्टैंड और मछली पुल से होकर मेन रोड के रास्ते तहसील चौराहे पर समाप्त हुआ। कसाई मंडी का जुलूस पुराने बस स्टैंड से कोतवाली चौराहा तक निकला। कस्बे का जुलूस कचेरी से शुरू होकर भोपाली फाटक और गांधी रोड होते हुए सराय तक पहुंचा। जुलूस में ढोल और अखाड़े शामिल रहे। मुस्लिम त्योहार कमेटी के जिला अध्यक्ष अंसार पठान और नगर अध्यक्ष रेहान नवाब ने लोगों से जुलूस में शामिल होने की अपील की थी।

## छह शासकीय और एक निजी स्कूल तंबाकू मुक्त घोषित, कलेक्टर ने दिए प्रमाण-पत्र



**सीहोर।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा तंबाकू मुक्त शैक्षिक संस्थान बनाए जाने के दिशा निर्देश दिये गये हैं। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देश अनुसार जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय स्कूल ओर कॉलेजों को तंबाकू मुक्त बनाए जाने की लिए प्रयास किया जा रहे हैं। वर्तमान में छह शासकीय एवं एक अशासकीय विद्यालय को तंबाकू मुक्त घोषित किया गया। इसी क्रम में

कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में टीएल बैठक में इन सातों विद्यालयों के प्राचार्य को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। भारत सरकार द्वारा तंबाकू मुक्त शैक्षिक संस्थाएं बनाए जाने के निर्देशों के तहत कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले की समस्त शैक्षिक संस्था प्रमुखों को कार्यवही करने और विद्यालय को तंबाकू मुक्त बनाये जाने की कार्यवही कि जाये इसी के तहत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सीहोर के प्राचार्य सुनीता जैन, शासकीय कन्या कस्तूरबा के प्राचार्य नीना दुबे, शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उमावि सीहोर के प्राचार्य रुपश्री नागेश, शासकीय स्वामी विवेकानंद मंडी सीहोर के प्राचार्य हेमलता राठौर,शासकीय उमावि खंडवा के प्राचार्य हरिवंश पाठक, शासकीय हाई स्कूल जातखेड़ा के प्राचार्य मुकेश दुबे, अशासकीय ब्लू बर्ड हाई स्कूल के प्राचार्य जयंत दासवानी,इन सातों संस्था के प्राचार्य को प्रमाण पत्र वितरित किये। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉक्टर नेहा जैन एवं स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ डॉक्टर सुधीर डहेरिया, सिविल सर्जन डॉ.प्रबीण गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, जिला तंबाकू नियंत्रण अधिकारी डॉक्टर नेहा सिंह, शिक्षा विभाग के सहायक संचालक सलोनी शर्मा एवं संबंधित विद्यालय के प्राचार्य उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री के आह्वान पर शहर में चलाया गया स्वदेशी अभियान

# अपने देश का पैसा देश में रहेगा और डॉलर दुनिया में औंधे मुंह गिरेगाः सन्नी महाजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सोमवार को शहर के बाजारों में स्वदेशी अभियान चलाया गया। कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन के नेतृत्व में दुकानों पर पहुंच कर यह स्वदेशी सामान मिलता है के बोर्ड लगाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ जैसे नारे भी लगाए। अटल बिहारी वाजपेई चौराहा से कोतवाली चौराहा और तहसील चौराहा तक विभिन्न प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर दुकानदारों को महाजन के द्वारा स्वदेशी उत्पाद बेचने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया।

भाजपा कार्यकर्ताओ और दुकानदारों सहित नागरिकों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कूटनीतिक चाल चलते हुए रूस और चीन की मदद से अमेरिका को घुटनों पर ला दिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के द्वारा 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने और देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने की कोशिश किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता से देशी सामान प्रयोग करने का आह्वान किया है। जिससे कि अपने देश का पैसा देश में रहेगा और डॉलर दुनिया में औंधे मुंह गिरेगा। महाजन ने कहा कि 2047 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की अर्थव्यवस्था को दुनिया की सबसे लोकतांत्रिक सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं जिसके लिए हम सभी दुकानदारों आम नागरिकों को विदेशी सामान खाद्य पदार्थ कपड़े जूते इलेक्ट्रिक सामान सहीत सभी वस्तुओं का बहिष्कार करना है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करना है। स्वदेशी अभियान में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।


## सीहोर कलेक्टर की फर्जी फेसबुक आईडी से सनसनी, 6 हजार से अधिक लोग गुमराह, साइबर क्राइम में शिकायत

**सीहोर।** जिले में सोशल मीडिया पर बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। अज्ञात व्यक्ति ने "डीसी सीहोर" नाम से फेसबुक पर फर्जी आईडी बना डाली। हैरानी की बात यह रही कि इस फेक आईडी को देखते ही देखते 6,600 से ज्यादा लोगों ने फॉलो कर लिया। मामला सामने आते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया।

जिला जनसंपर्क विभाग ने तत्काल स्पष्ट किया कि यह आईडी पूरी तरह फर्जी है। विभाग ने लोगों से अपील की कि किसी भी हाल में इस पेज को फॉलो न करें और न ही प्रतिक्रिया दें। साथ ही, फर्जी अकाउंट और असली आईडी "कलेक्टर ऑफिस सीहोर" के स्क्रीनशॉट साझा कर भ्रम दूर किया गया।

### साइबर क्राइम में शिकायत

प्रशासन ने फर्जी आईडी की गंभीरता को देखते हुए मामला तुरंत साइबर क्राइम यूनिट और फेसबुक प्रबंधन तक पहुंचाया। अधिकारियों को आशंका है कि इस फर्जी पेज का इस्तेमाल अफवाह फैलाने या अवैध गतिविधियों में किया जा सकता था। इसलिए इसकी जांच तेज कर दी गई है।




**नागरिकों से सतर्क रहने की अपील :** जिला जनसंपर्क अधिकारी देवेंद्र ओगरे ने कहा कि किसी भी नई आईडी को फॉलो करने से पहले उसकी प्रामाणिकता की जांच करना जरूरी है। यदि कोई संदिग्ध अकाउंट दिखे तो तुरंत विभाग को सूचना दें। यह मामला डिजिटल युग में सतर्कता और जागरूकता की बड़ी नसीहत देता है।

खबर संक्षेप

## भुगतान के लिए रिटायर्ड पटवारी ने मांगी आत्महत्या की अनुमति



देवास। देवास तहसील कार्यालय से 31 दिसंबर 2024 को सेवानिवृत्त हुए पटवारी बाबूलाल पांचाल ने अपनी बकाया डीपीएफ और पेंशन का भुगतान न होने से परेशान होकर कलेक्टर कार्यालय में आत्महत्या की अनुमति मांगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि करीब 25 लाख रुपये का भुगतान अभी तक नहीं हुआ है, जिसके कारण उन पर कर्ज बढ़ गया है और बैंक की किस्तें भी समय पर नहीं भर पा रहे हैं। पांचाल ने बताया कि वह इस संबंध में पहले भी कई बार अधिकारियों से संपर्क कर चुके हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने 7 अप्रैल 2025 को सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई थी, जो अभी तक लंबित है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की मनमानी और मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर उन्हें यह कदम उठाने पर मजबूर होना पड़ा है। बाबूलाल पांचाल ने अपने आवेदन में कलेक्टर से मांग की है कि उनका बकाया भुगतान जल्द से जल्द कराया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनके साथ कोई अनहोनी होती है, तो उसके लिए तत्कालीन अधिकारियों के साथ-साथ पूरा प्रशासन जिम्मेदार होगा। इस गंभीर मामले ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामले में तहसीदार जयेश प्रताप सिंह ने कहा कि उनसे शपथ पत्र मांगा गया था जो अभी तक नहीं दिया गया है शपथ पत्र प्रस्तुत करने के बाद भुगतान हो जाएगा।

केन्द्रीय मंत्री पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन यादव से सभापति जैन, आयुक्त कसेरा ने किया पुरस्कार प्राप्त

# स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में देवास नगर निगम को तीन लाख तक की आबादी वाले शहरों में मिला देश में प्रथम स्थान

निगम स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिह बैस, लोक निर्माण समिति अध्यक्ष गणेश पटेल के साथ सौरभ त्रिपाठी नोडल अधिकारी स्वच्छता एवं राजेश कौशल उपयंत्री भी रहे मौजूद।




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मंगलवार को देवास नगर निगम ने एक बार फिर स्वच्छता और पर्यावरण के क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया है। हाल ही में घोषित स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2025 के नतीजों में देवास को 3 लाख तक की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में देशभर में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। भूपेन्द्र यादव केन्द्रीय मंत्री पर्यावरण, वन ओर जलवायु परिवर्तन से स्वच्छ वायु सर्वेक्षण का पुरस्कार सभापति रवि जैन के द्वारा आयुक्त रजनीश कसेरा, निगम स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिह बैस, लोक निर्माण समिति अध्यक्ष गणेश पटेल के साथ सौरभ त्रिपाठी नोडल अधिकारी स्वच्छता एवं राजेश कौशल उपयंत्री के साथ दिल्ली मे प्राप्त किया। आयुक्त कसेरा ने बताया कि इस प्रतिष्ठित सर्वेक्षण में कुल 130 शहरों ने भाग लिया था, जिसमें वायु गुणवत्ता, जन-जागरूकता, नवाचार और प्रशासनिक प्रयासों जैसे विभिन्न मानकों पर मूल्यांकन किया गया।

देवास ने इन सभी मानकों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह गौरव हासिल किया। देवास नगर निगम द्वारा किए गए महत्वपूर्ण प्रयासों में, वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए हरित क्षेत्र बढ़ाना, इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन देना,औद्योगिक इकाइयों की निगरानी, जनता को जागरूक करने के लिए नियमित अभियान, स्मार्ट प्रदूषण मॉनिटरिंग सिस्टम की स्थापना शामिल हैं। सभापति व आयुक्त ने संयुक्त रूप से कहा कि "यह उपलब्धि केवल नगर निगम की नहीं, बल्कि देवास की जनता की है, जिन्होंने स्वच्छ वायु के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाया। हम इसी तरह पर्यावरण के संरक्षण में अग्रणी बने रहने का प्रयास जारी रखेंगे" यह सम्मान देवास को न केवल स्वच्छता के क्षेत्र में बल्कि एक हरित और सतत विकासशील शहर के रूप में पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### प्रथम स्थान लाने इन मापदंडों पर किया काम

वर्ष 2022-23 में पीएम 10 का स्तर 105, 2023-24 में 99 एवं 2024-25 में घटकर 89 हुआ। पिछले साल के मुकाबले 12प्रतिशत की कमी आई। कचरा फेंकने एवं जलाने पर पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया। निगम द्वारा चालानी कार्यवाही भी की गई। कच्ची सड़कों को पक्का किया एवं सड़क के दोनों तरफ पेवर ब्लॉक लगाए गए ताकि सड़के धुल मुक्त रहे जिससे पीएम 10 एवं पीएम 2.5 का स्तर कम हो। स्वैपिंग मशीन से 60 किलोमीटर प्रतिदिन रोड की सफाई कर 10 से 12 टन धुल को सड़क से उठाई जा रही है । एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत 9200 की संख्या ने पौधारोपण किया गया। दो सिटी फॉरेस्ट मियावाकी पद्धति पर शहर में विकसित किए जा रहे है। औद्योगिक क्षेत्र में 11.25 हेक्टेयर क्षेत्र में 4 ग्रीन पार्क विकसित किए जा रहे है। मलबे से संग्रहण एवं परिवहन के लिए 5 टन की क्षमता के 3 वाहन लगाए गए। मलबे के भंडारण के लिए प्रोसेसिंग प्लांट पर व्यस्था की गई जिसमें 5 अलग-अलग केटेगरी में मलबे को रखा जा रहा है। निर्माण स्थल को ढकने के निर्देश दिए गए। 6 पीयूसी सेंटर को एनआयसी से लिंक किया गया। शहर में चल रहे वाहनों के फिटनेस की जांच कर पीयूसी कार्ड बनाए गए। इंडस्ट्रियल प्रदूषण को कम करने के लिए 29 इंडस्ट्रीज के कोल बॉयलर को सीएनजी बॉयलर में बदला गया। 11 चौराहों पर फव्वारे लगा कर सड़क से उड़ने वाली धुल को नियंत्रित किया गया। 128000 टन पुराने कचरे का बायो रेमेडियशन कर खत्म किया गया। 32 सीएनजी आधारित कचरा वाहन का उपयोग कर वाहनों से निकलने वाले प्रदूषण को कम करने का प्रयास किया जा रहा है, साथ ही इलेक्ट्रिक वाहनों को भी बदावा देने का प्रयास किया जा रहा है । शहर के सभी 45 वार्डो से 114 टन कचरे का संग्रहण प्रतिदिन कर इसका प्रबंधन किया गया। गीले कचरे के प्रबंधन के लिए 80 टन क्षमता का ड्रम कोम्पोस्टर प्लांट एवं सूखे कचरे के पुनः चक्रण हेतु 65 टन की क्षमता का एमआरएफ प्लांट संचालित किया जा रहा है। एसटीपी से उपचारित जल का पुनः उपयोग फव्वारों में, रोड धुलाई में, डिवाइडर धुलाई में, शौचालय की धुलाई में, निर्माण कार्य में किया जा रहा है।

### महापौर, सभापति ने निगम के प्रयासों को सराहा

इस अवसर पर महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने अपने संदेश में कहा कि शहर के वातावरण एवं वायु प्रदूषण को कम करने के लिए सड़कों से उड़ने वाली धूल को कम करना आवश्यक है, जिस हेतु हमे 2 स्वैपिंग मशीन क्रय की जिससे प्रतिदिन मुख्य मार्गो की सफाई की जा रही है। महापौर ने कहा कि स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2025 पुरस्कार प्राप्त करने जाना तय था परन्तु अचानक पारीवारीक सदस्य की अस्वस्थता के कारण जाना निरस्त करना पडा। सभापति रवि जैन ने अपने संदेश मे कहा बढ़ती आबादी और ईंधन युक्त वाहनों से निकलने वाले जहरीले धुआं से शहर की वायु गुणवत्ता पर असर पड़ रहा है, इसे कम करने के प्रयास के लिए हमें 32 सीएनजी आधारित कचरा वाहन चाहिए, और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के प्रयास किए। आयुक्त रजनीश कसेरा ने अपने संदेश मे कहा पेड़ पौधे हमारे वातावरण को शुद्ध बनाए रखने में एक अहम भूमिका निभाते है, और इनसे वायु प्रदूषण को भी रोका जाता है इसी उद्देश्य से शहर में पौधा रोपण अभियान एवं औद्योगिक क्षेत्र में ग्रीन पार्क डेवलप किए। जिससे शहर की वायु गुणवत्ता तो सुधरेगी ही साथ ही शहर की सुंदरता भी बढ़ेगी, नेशनल क्लिन एयर प्रोग्राम एवं अमृत 2.0 के अंतर्गत शहर में लगातार पौधारोपण का कार्य किया जाएगा। एनसीएपी नोडल अधिकारी सौरभ त्रिपाठी ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र से निकलने वाले धुएं से होने वाले प्रदूषण को रोकना हमारे लिए बहुत बड़ी चुनौती थी, सभी औद्योगिक संचालकों के साथ बैठक कर उद्योगों को ग्रीन फ्यूल में परिवर्तित करने एवं शेष बची उद्योगों को ग्रीन फ्यूल में परिवर्तन के लिए जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे है। इन सभी प्रदूषण को कम करने से हमें नंबर 1 का ताज मिला।

# बारिश और पीला मोजेक वायरस की चपेट में आने से सोयाबीन की मुख्य फसल हुई बर्बाद, क्षेत्र के किसानों ने दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा





लगातार बारिश और पीला मोजेक वायरस की चपेट में आने से सोयाबीन की मुख्य फसल हुई बर्बादभौरासा क्षेत्र के किसानों ने दिया नायब तहसीलदार शाह को ज्ञापनभौरासा। अन्नदाता कभी अतिवृष्टि के कारण तो कभी सूखे के कारण परेशान हो रहा हैं । किसानों की फसलें बर्बाद हो जाती है किन्तु किसानों को किसी भी तरह का लाभ नही मिल पाता है ओर कर्ज के तले किसान दबा चला जाता है। क्षेत्र के किसानों पर इस बार फिर से खरीफ सीजन में दोहरी मार पड़ी है। लगातार हो रही बारिश और पीला मोजेक वायरस की चपेट में आने से सोयाबीन की मुख्य फसल बर्बाद होने की कगार पर पहुंच गई है। किसानों की मेहनत और उम्मीदें पानी में बह गई हैं।किसानों ने इस वर्ष अच्छी पैदावार की आस में बड़े उत्साह से सोयाबीन की बुआई की थी। शुरूआत में फसल हरी-भरी नजर आई, लेकिन बीच में बारिश की अधिकता और खेतों में जलभराव से पौधों की जड़ें सड़ने लगीं। वहीं, दूसरी ओर पीला मोजेक वायरस ने फसल को समय से पहले पीला कर सुखा दिया। खेतों में फसलें सूखकर खड़ी हैं, जिससे उत्पादन पर भारी असर पड़ना तय है किसानों का कहना है, कि जिन वैरायटी में बीमारी का असर कम था, उनमें भी लगातार कोहरा (धुधं) पड़ने से और धूप न निकलने से उत्पादन क्षमता बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। किसानों ने बताया, कि इस वर्ष का सीजन पूरी तरह से नुकसान में चला गया है। महंगी खाद, बीज और दवाई पर खर्च करने के बाद भी फसल बर्बाद हो गई। अब उनके सामने अगली फसल बोने और घर चलाने की चिंता खड़ी हो गई है।

### सर्वे और मुआवजे की मांग

किसानों ने सरकार व अधिकारियों से तत्काल खेतों का सर्वे कराकर नुकसान का सही आकलन करने की मांग की है। उनका कहना है कि बीमा कंपनी और राजस्व विभाग के पटवारियों को निर्देश देकर जल्दी से जल्दी सर्वे कराया जाए, ताकि किसानों को फसल बीमा क्लेम समय पर मिल सके। किसानों का कहना है कि 3 वर्ष से लगातार सोयाबीन फसल खराब हो रही है जबकि किसानों को केसीसी व खाद बीज सहकारी संस्था के माध्यम से लगातार 6 माह की अवधि में मोटी रकम बीमा की काटी जाती है। इस फसल में अगर समय पर राहत नहीं मिली तो उनकी आर्थिक स्थिति और ज्यादा बिगड़ जाएगी। आज फसल बीमा की मांग को लेकर भौरासा कुलाला, शादी खेड़ा, धारु खेड़ी, बुदासा ,सुमरा खेड़ी भलाई, मिर्जापुर ,खुर्द पिपलिया जंगीपुर ,बोलासा, नेवरी फाटा, डकाचिया, पोलायजागीर, काकड़दा, सिक्खेडी के सभी किसानो ने सोयाबीन की वर्तमान 2025 की फसल पीला मोजक संक्रमण से बिल्कुल नष्ट हो गई जिसमें हम किसानों को फसल की लागत भी नहीं निकलेगी। किसानों ने फसल बीमा की तुरंत सर्वे करवा कर फसल की क्राफ्ट कटिंग हल्का पटवारी एवं ग्राम सेवक से करवाकर राहत राशि दिलवाने की मांग की व किसानो ने सेटेलाइट से सर्वे न करवा कर जमीनी स्तर पर पटवारी एवं ग्रामसेवक से क्राफ्ट कटिंग करवा कर राहत राशि दिलवाने की मांग की, जिसको लेकर मंगलवार को भौरासा टप्पा तहसील कार्यालय पर नायब तहसीलदार नेहा शाह को किसानों द्वारा एक ज्ञापन सोपा गया। इस अवसर पर किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव ,करण सिंह यादव( मेबर साहब) ,कैलाश पटेल नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, पूर्व मंडल अध्यक्ष आराम सिंह ठाकुर ,पटेल यसवंत सिंह राजपूत, किसान नेता मुकेश कुमावत,कमल यादव, राजेंद्र पालीवाल, महेश ठाकुर इंदर सिंह,रमेश चंद्र, प्रेम सिंह ,केदार चौधरी ,निर्मल चौधरी विष्णु चौधरी, कांतिलाल यादव, मनोहर यादव जीजा ,अजब सिंह शादी खेड़ा, निर्मल पटेल, छतर सिंह कुशवाहा ,मिथुन कुशवाह ,दिनेश यादव, बाबू यादव, घनश्याम कुशवाह, कमल सिंह पटेल, रायसिंह मालवीय आदि किसान जन मौजूद रहे।

# लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए वाहन रैली हुई आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार दिनांक 13 सितम्बर, 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार तथा विधिक साक्षरता एवं जन चेतना हेतु प्रधान जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास रोहित श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में मंगलवार को शासकीय विभागों के समन्वय से टोंक खुर्द न्यायालय परिसर में एक वृहद वाहन रैली का आयोजन किया गया। वाहन रैली का शुभारंभ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड/अध्यक्ष आयुषी गुप्ता उपाध्याय द्वारा किया गया। इस अवसर पर व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड आयुषी श्रीवास्तव व अभिभाषक संघ अध्यक्ष गोविंद सिंह पटेल उपस्थित थे। रैली में विभन्न बैंकों के अधिकारी, नगर परिषद, बिजली विभाग, सहित सभी विभाग एक साथ अपने विभाग की योजनाओं सहित उपस्थित रहे। रैली के शुभारंभ के अवसर पर न्यायाधीश आयुषी गुप्ता उपाध्याय ने कहा की नेशनल लोक अदालत मात्र एक ऐसा माध्यम है जिससे न्यायापालिका समस्त विभागों के साथ एक मंच पर आ सकती है। इस रैली का मुख्य उद्देश्य लोक अदालत के संबंध में लोगों को जानकारी देना एवं उन्हें लोक अदालत से मिलने वाले लाभों से अवगत कराना है। लोक अदालत में न्यायालय में लंबित आपराधिक प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत चेक बाउंस प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले जो राजीनामा योग्य है उन प्रकरणों का निराकरण आपसी समझौते के आधार पर किया जाएगा। वाहन रैली कोर्ट से तहसील चौराहा,शक्ति माता मंदिर चौराहा,भगत सिंह चौराहा,रावला चौक ,फ्रीगंज चौराहा सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों से गुजरी और नागरिकों को लोक अदालत की महत्ता और न्यायिक सेवाओं के बारे में जागरूक किया। इस दौरान अभिभाषक संघ के सदस्य, बैंको, नगर परिषद, बिजली कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी के साथ अन्य लोग उपस्थित रहे।

जनजातीय मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित आदि कर्मयोगी अभियान के तहत हुआ प्रशिक्षण

# अभियान परस्पर समन्वय और सहयोग से होगा सफल: एसडीएम





हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

आदि कर्मयोगी अभियान विभागीय समन्वय तथा स्थानीय जनों के परस्पर सहयोग से ही सफलतापूर्वक संपन्न होगा तथा इसके कारण जनजातीय लोगों का विकास और परिवर्तन संभव होगा।

उक्त विचार जनजातीय मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित तथा जिले में कलेक्टर ऋतुराज सिंह और जिला पंचायत सीईओ ज्योति शर्मा के निर्देशन में जारी आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जनपद पंचायत में ब्लाक स्तरीय आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शिवम यादव ने व्यक्त किए।

प्रशिक्षण के प्रथम दिवस यादव, जनपद पंचायत सीईओ राजू मेडा, तहसीलदार निरज प्रजापति, हर्षा वर्मा की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनर संकुल सहसमन्वयक वारिस अली, बीपीओ कौशल जोशी,सीडीपी ईओ राम सेवक तिवारी, संगीता छाबडीया तथा बीईई राधेश्याम चौहान ने क्लस्टर प्रभारी अधिकारीयों को आदि कर्मयोगी अभियान की अवधारणा को विस्तार से समझाते हुए जनजातीय गांवों में जनकल्याणकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लक्ष्य अर्जन का आह्वान किया।

जिला मास्टर ट्रेनर दीपक शारदे (सर्कल आर्गेनाइजर), डॉ. चन्द्रिक ओड तथा समाज प्रगति सहयोग संस्था से मुरलीधर प्रजापत ने क्लस्टर और ग्राम स्तर पर कार्य की गंभीरता के विषय में आवश्यक जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस 71 जनजातीय गांवों को 7 क्लस्टरों में विभाजित कर क्लस्टर अंतर्गत गांवों के आदि सहयोगियो के प्रशिक्षण हेतु चयनित लगभग 60 क्लस्टर स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण प्रदान किया।

अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर प्रथम दिवस के समापन अवसर पर उपस्थित अधिकारियों को सामूहिक साक्षरता शपथ दिलाई गई। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के संयोजन में संचालित इस अभियान में अगला प्रशिक्षण क्लस्टर स्तर पर होगा तथा 30 सितंबर तक कार्य योजना का निर्माण तथा 2 अक्टूबर विशेष ग्राम सभा में अनुमोदन कराया जाएगा।

# फोन पर धमकी व रूपयों की मांग को लेकर थाने पर कराई शिकायत दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

अज्ञात नंबर से शा. क. हाई स्कूल संकुल अंतर्गत दूरस्थ पहाड़ी स्थल पर शा. प्रा. वि. कामठ में पदस्थ शिक्षक आशीष यादव को पहले फोन कर धमकाया गया तथा एक लाख रुपए की मांग की गई तथा नहीं डालने पर किसी भी गंभीर मामले में फंसाने की धमकी दी गई। शिकायतकर्ता ने बताया कि फोन करने वाले ने क्राईम ब्रांच अधिकारी बनकर धमकी दी और नहीं डालने पर गालियां देकर अश्लील फोटो डाले गए।फोन आने के दौरान यादव स्कूल में उपस्थित थे। आपके द्वारा शिक्षक संघ के साथियों के साथ जाकर पुलिस थाना बागली में घटना की लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। आजकल ऐसी घटनाएं आम हो गई है तथा हर पल भय बना रहता है। संघ के पं. राकेश नागौरी तथा वारिस अली ने शिक्षक साथियों के साथ घटित होने वाली इस तरह की घटनाओं के लिए शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार के एप लोड करवाने को कारण माना है।संघ का कहना है कि विदेशी संबद्धता वाले एप लोड करने के कारण हमारे गोपनीय तथा अति आवश्यक निजी डाटा विदेशी हैकरों द्वारा हैक करने का डर भी बना रहता है।

अंचल सहित समस्त क्षेत्रों में आत्महत्या रोकथाम दिवस पर विशेष

# अवसादग्रस्त व्यक्ति का हौसला बढ़ाएं तिरस्कार न करें : डॉ. संजीव शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नेहरू महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग प्रभारी डा.संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष 10 सितंबर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है। यह दिवस विश्व में आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति पर रोकथाम लगाने एवं इस समस्या के प्रति लोगों में जागरुकरता लाने के उद्देश्य से शुरु किया गया था। जिले के परिप्रेक्ष्य में बात करें तो जनपद में लगातार हो रही आत्महत्या की घटनाएं चिंता का विषय है। इस विचारणीय समस्या के लिए वृहद स्तर पर जन जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। साथ ही प्रोजेक्ट नई किरण की तर्ज पर जिला स्तर एवं तहसील स्तर पर जिला प्रशासन एवं समाजसेवी संगठनों के सहयोग से काउंसलिंग सेल का गठन होना चाहिए। जहां पर व्यक्ति अपनी भावनाओं एवं विचारों को खुलकर व्यक्त कर सके तथा किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान पा सके। जनपद में रिलेशनशिप समस्याएं एवं गरीबी आत्महत्या का प्रमुख कारण है। जिनके चलते किसानों एवं युवाओं में आत्महत्या की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। पिछले कुछ सालों में भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व भर में आत्महत्या की घटनाएं तेजी से बढ़ी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर 40 सेकंड में एक व्यक्ति आत्महत्या कर रहा है। प्रत्येक वर्ष 700000 लोग अलग-अलग कारणों के चलते मौत को गले लगा लेते हैं। विश्वस्तर पर 15-29 वर्ष आयु वर्ग के लोगो मे आत्महत्या मौत का चौथा प्रमुख कारक है। विश्व मे प्रत्येक 100 में से एक से अधिक मृत्यु आत्महत्या के कारण हुई है। वैश्विक आत्महत्या दर महिलाओं की तुलना में पुरुषों में दोगुनी है। आत्महत्या का पूर्व प्रयास आत्महत्या से होने वाली मौतों का सबसे बड़ा जोखिम कारक है। इस प्रकार, आत्महत्या एक मानसिक स्वास्थ्य समस्या है, जिसके लिए तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है। हमें इस विषय पर गहन चिंतन करना चाहिए। समाज को युवाओं और सभी वर्गों को इस अवसाद से निकलने में मदद करनी चाहिए। आम जनमानस में धैर्य एवं सहनशीलता की कमी देखने को मिल रही है, जिसके चलते लोग आत्मघाती कदम उठा रहे हैं। जब व्यक्ति जीवन में घोर निराशा एवं उदासी, अवसादग्रस्त महसूस करता है तो इस जोखिम की सम्भावना बढ़ जाती हैं। व्यक्ति को लगने लगता है कि जीने का कोई कारण नहीं बचा है, जीवन उद्देश्यहीन हो गया है। आत्महत्या के प्रमुख कारकों मे सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव, बेरोजगारी, आर्थिक संकट, गंभीर मानसिक या शारीरिक बीमारी, जीवन में तनावपूर्ण परिस्थितियों का सामना करना, पारिवारिक क्लेश, मादक द्रव्यों का सेवन, आदि मनोवैज्ञानिक, सामाजिक एवं आर्थिक कारकों की अहम भूमिका होती है। यदि कोई व्यक्ति हताशा एवं निराशा महसूस कर रहा है और उसके मन में आत्महत्या करने के विचार बार-बार आ रहे हैं अथवा आत्महत्या करने की सोच रहा है तो यह बेहतर होगा कि पीड़ित के परिवार के लोगों एवं इष्ट मित्रगणों को इस विषय पर बातचीत करनी चाहिए। हौसला बढ़ाना चाहिए, तिरस्कार ना करें और उसे सुरक्षित रखने का प्रयास करना चाहिए, उसकी समस्या समाधान में मदद करें, जीवन के प्रति आशा का भाव विकसित करने एवं सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद करे। यदि जरूरी हो तो मनोवैज्ञानिक या मनोचिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए।




## कुष्ठ रोगियों की खोज करने के लिए दिया गया प्रशिक्षण

ललितपुर। सीएमओ कार्यालय में कुष्ठ रोगी खोजी अभियान के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें कुष्ठ रोगियों की पहचान, निशुल्क जांच एवं उपचार, जागरूकता एवं सामाजिक भेदभाव की रोकथाम हेतु रणनीतियां तय की गयी। आगामी कुष्ठ रोगी खोजी अभियान के माइक्रोप्लॉन बनाने एवं अभियान के सफल संचालन हेतु अभियान पूर्व तैयारियों पर चर्चा की गयी। सीएमओ ने बताया कि किसी भी कुष्ठ रोगी से भेदभाव न करें एवं उन्हें समाज की मुख्य धारा में जोडने के लिये हर सम्भव प्रयास किये जाये। स्टेट प्रोग्राम लीड एल एनआर एवं एनएलईपी कनसल्टेन्ट डा.अब्दुल्ला ने प्रशिक्षण देते हुये बताया कि कुष्ठ रोग के बारे में जागरूकता एवं ज्ञान का अभाव कलंक तथा भेदभाव की ओर ले जाता है, जिसके कारण कुष्ठ के संचरण और उपचार से संबंधित गलत धारणायें समाज में फैलती है। उन्होंने कुष्ठ रोग से ग्रसित व्यक्तियों से भेदभाव न करने की अपील की। जिला कुष्ठ अधिकारी डा.प्रदीप सिंह यादव ने बताया कि वर्तमान में जिले में 91 कुष्ठ रोगियों का ईलाज चल रहा है, जिनकी समुचित देखरेख एवं उपचार सुनिश्चित किया गया है। कुष्ठ रोग मइको बैक्टिरियम लैप्रि नामक बैक्टिरिया के कारण होता है। कुष्ठ रोग के लक्षण त्वचा पर हल्के रंग के या तामई रंग के धब्बे जिनमें संवेदनहीनता हो। हाथ या पैरों पर झनझनाहट, नसों में दर्द एवं नसों का मोटा हो जाना, हाथ पैर या पल्कों की कमजोरी आदि हो सकती है। यदि किसी व्यक्ति में उपरोक्त लक्षण दिखते हैं, तो उन्हें निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक से उपचार लेना चाहिये। उपजिला कुष्ठ अधिकारी डा.सौरभ सक्सेना ने पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रशिक्षण देते हुये बताया कि अधिक से अधिक कुष्ठ रोगियों की पहचान हेतु हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है। कुष्ठ का इलाज पूरी तरह सम्भव है एवं सरकारी संस्थानों में उपचार की मुफ्त सुविधा उपलब्ध है। बैठक के दौरान सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, उप सीएमओ डा.शिवप्रकाश विभिन्न ब्लॉकों से आये चिकित्सा अधीक्षक बीपीएम, बीसीपीएम एवं कुष्ठ का कार्य करने वाले कर्मचारी, सीएमओ कार्यालय के विभिन्न अधिकारी व कर्मचारी तथा एनएमए बालकिषन आदि मौजूद रहे।

यात्री बसें दुर्घटनाओं को दे रही आमंत्रण

## तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार पिता को मारी टक्कर, झांसी किया रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कोतवाली अंतर्गत ग्राम सतरवांस निवासी रामअवतार पुत्र हरिशंकर ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 30 जुलाई 2025 को उसका पिता अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.डी. 9604 से दवा लेकर गांव वापस आ रहा था। रास्ते में ग्राम मसौराकलां के पास शाम करीब 6-7 बजे के मध्य पड़ौरिया बाग पुलिया के पास विपरीत दिशा से आ रही बस संख्या यू.पी.93 सी.टी. 9055 के चालक ने उसके पिता को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है कि घटना को अंजाम देकर बस चालक बस को लेकर भाग गया। वहीं पीछे से आ रहे धर्मेंद्र पुत्र सुरेश व हरगोविन्द पुत्र इमरत ने घटना को देखा और डायल 112 से पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर एम्ब्युलेंस के जरिए घायल पिता को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसके पिता को झांसी रेफर कर दिया गया। घटना के बाद पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बस चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।


## लखनऊ इंटरसिटी को ललितपुर से चलाने की मांग




ललितपुर। झांसी से लखनऊ जाने और लखनऊ से वापिस आने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस को ललितपुर से चलाए जाने की मांग काफी समय से की जा रही है। गाड़ी संख्या 11109 व 11110 को ललितपुर से चलाए जाने के संबंध में रेलवे विभाग द्वारा भी कई बार समाचार पत्रों में बताया गया कि यह गाड़ी ललितपुर से जल्द ही चलाई जाएगी। लेकिन अभी तक इस गाड़ी के बारे में कोई भी जानकारी प्राप्त नहीं हो सकती है कि कब तक ललितपुर से यह गाड़ी चलाई जाएगी।

कई मांगों को लेकर रणनीति की गई तैयार

## वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की बैठक कचहरी प्रांगण में श्री हनुमान मंदिर में समिति अध्यक्ष बाबू गंधर्व सिंह लोधी की अध्यक्षता में एवं महासचिव जयशंकर प्रसाद द्विवेदी के संचालन में संपन्न हुई जिसमें पूर्व जिलाधिकारी द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में ए 0 नगर पालिका ने तीन माह का समय वरिष्ठ नागरिक भवन तैयार कर प्रदान करने हेतु मांगा था किंतु 6 माह पूर्ण होने पर भी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका द्वारा भवन तैयार कर आवंटित नहीं किया गया इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष से अनुरोध कर जिला अधिकारी जी को अवगत कराया जाए ताकि वरिष्ठ नागरिक दिवस के पूर्व भवन तैयार होकर वरिष्ठ नागरिक समिति को प्राप्त हो सके '

पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी वरिष्ठतम नागरिकों को जिन्होंने समाज के लिए अपना जीवन का अमूल्य समय समाज की प्रगति हेतु प्रदान किया है उनमें से पांच व्यक्तियों को सम्मानित उनके निवास पर जाकर किया जावे '

वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हेतु प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज से व्यक्तिगत मिलकर समस्याओं का निदान कराया जाए। बैठक में अवध बिहारी कौशिक प्रताप नारायण दीक्षित रमाकांत दीक्षित विजय नारायण बवेले अरविंद कुमार संज्ञा जगदीश प्रसाद पाराशर प्रीतम लाल विश्वकर्मा राजा राम गोस्वामी अशोक कुमार स्वर्णकार प्रीतम लाल विश्वकर्मा विजय सिंह परमार इंजीनियर संजय चौबे शिव शंकर पाठक आसाराम तिवारी प्रमोद गोस्वामी अरुण कुमार बबेले मनजीत सिंह सलूजा गंधर्व सिंह लोधी जयशंकर प्रसाद द्विवेदी गिरजा शंकर दुबे शिवनारायण नायक राजेंद्र श्रीवास्तव आदि सदस्य एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पुत्री के लापता होने की सूचना पुलिस में दर्ज

ललितपुर। शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने सदर चौकी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी 21 वर्षीय पुत्री लक्ष्मीपुरा में स्क्रीन प्रिंटिंग का कार्य करती थी। बीती 6 सितम्बर को उसकी पुत्री सुबह 11 बजे काम पर जाने की बात कहते हुये निकली थी। लेकिन देर शाम तक घर नहीं पहुंची। जब उसने अपनी पुत्री की काफी खोजबीन की और रिश्तेदारों से पूछा तो कोई जानकारी नहीं मिली। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बीएनएस की धारा 87 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

समिति पदाधिकारियों ने सजातीय बंधुओं के साथ डीएम को दिया ज्ञापन

## विश्वकर्मा-झां समाज की धर्मशाला पर कब्जा



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

विश्वकर्मा, झां समाज सेवा समिति की धर्मशाला जो कि बयाना नाले के पास स्थित है, पर नया संगठन बनाकर कुछ सामाजिक व्यक्तियों द्वारा अनाधिकृत रूप से कब्जा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया गया है।

इस सम्बन्ध में समिति पदाधिकारियों ने सजातीय बंधुओं के साथ मिलकर एक ज्ञापन जिलाधिकारी को भेजा है। ज्ञापन में बताया कि बयाना नाले के पास समाज की धर्मशाला स्थित है। इस धर्मशाला का प्रबंधन विधिवत निर्वाचित प्रबंधकारिणी करती है। आरोप है कि बीती 26 अप्रैल 2025 को बानपुर के बजरंगगढ़ मंदिर में आयोजित समाज की बैठक में सर्वसम्मति से कैलाश नारायण झां को समाज का निर्विरोध जिलाध्यक्ष चुना गया था। बैठक के बाद चुने गये पदाधिकारियों की समिति ही प्रबंधन देखती है जो कि विधिवत वैध है। बताया कि कुछ समाज के लोगों द्वारा जानबूझ कर समाज व प्रशासन को गुमराह करते हुये अपना संस्थान बनाये हुये हैं, जो कि गलत है। आरोप है कि उक्त लोग समाज की सम्पत्ति एवं धर्मशाला परिसर पर अनुचित व अनाधिकृत कब्जा करने अपने व्यक्तिगत उपयोग करने की प्रतीत होती है। इन सभी प्रकरणों को देखकर समाज के लोगों ने आरोप लगाया कि उक्त लोग के कारण समाज में ही अशान्ति फैलाने, झगड़ा होने और कानून व्यवस्था भंग होने की गंभीर आशंका है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि धर्मशाला परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित की जाकर अनाधिकृत हस्तक्षेप को रोके जाने और गुमराह करने की नीयत से बनायी गयी संस्था के कार्यों की जांच-पड़ताल कराये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय कैलाश, बृजकिशोर, रामप्रकाश झां छिपाई, मनोज कुमार एड., अरविन्द कुमार, हुकुम सिंह, घनश्याम, कैलाश बार, हरबल सिंह बार, राजू झां, प्रभुदयाल, श्रीराम झां, गोलू झां, अखिलेश कुमार, श्रीराम, सत्यम झां, हरिदयाल, विष्णु कुमार विश्वकर्मा, डा.महेश कुमार झां, रवि झां बुढ़वार, गनेश प्रसाद झां, मनोहरलाल झां, रमेश कुमार बानपुर, राहुल झां, अनिल, ताराचंद्र झां, रामनरेश झां, जयराम झां, संतोष झां, रामकिशन झां, नारायणदास झां, हनुमत, सुनील कुमार झां आदि मौजूद थे।

रेलवे में चोरी की घटना का केंद्र बिंदु ललितपुर जांच का विषय

## गीता जयंती एक्सप्रेस से सामान व महामना से पर्स चोरी यात्रियों की तहरीर पर जीआरपी ने दर्ज की एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

उत्तर प्रदेश के जिला कासगंज के थाना सोनगढ़ी अंतर्गत हैवतपुर निवासी रिंकू शाक्य पुत्र रामपाल शाक्य ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 6 सितम्बर को वह ट्रेन संख्या 11842 गीता जयंती एक्सप्रेस से कुरूक्षेत्र रेलवे स्टेशन से मथुरा की यात्रा जनरल डिब्बे में कर रहा था।

यात्रा के दौरान उसे नींद आ गयी, जिसका लाभ उठाकर किसी अज्ञात चोर ने उसका सामान व 10 हजार रुपया चोरी कर लिया। जब उसकी नींद खुली तो सोनीपत रेलवे स्टेशन आ गया था। बताया कि काफी खोजबीन के बावजूद भी उसका सामान नहीं मिला। बताया कि वह जानकारी करते हुये ललितपुर रेलवे स्टेशन उतर गया। जीआरपी पुलिस ने रिंकू शाक्य की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में ऐशबाग रायसेन रोड, 02 हनुमान मंदिर के पास पुल बोगदा निवासी विशाल सिंह नरवरिया ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह 17 अगस्त को अपने परिवार के साथ ट्रेन संख्या 22164 महामना एक्सप्रेस से सफर कर रहा था। ललितपुर स्टेशन से ट्रेन चलने के बाद उसने अपनी पेंट की जेब में रखा पर्स जांचा तो उसका पर्स चोरी हो गया था। बताया कि पर्स में 5 हजार रुपये, ड्राईविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर आईडी, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड रखे थे। पुलिस ने विशाल सिंह की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

5 लाख तक उपचार की निशुल्क व्यवस्था

## राज्य कर्मचारी और पेंशनरों को कैशलेस चिकित्सा योजना में पंजीकरण प्रारंभ

उत्तर प्रदेश सरकार ने पंडित दीनदयाल कैसलेस योजना की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

उ०प्र० राज्य सरकार द्वारा संचालित पं० दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत राज्य के सरकारी कर्मचारी, सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी तथा उनके आश्रित परिजनों को कैशलेस चिकित्सा उपचार का प्रावधान किया गया है। प्रत्येक लाभार्थी परिवार को रू० पाँच लाख प्रति वर्ष की सीमा तक आबद्ध निजी चिकित्सालयों में तथा सरकारी संस्थाओं/चिकित्सालयों में बिना किसी वित्तीय सीमा के कैशलेस उपचार की सुविधा अनुमन्य है। उक्त योजना के लाभ लेने हेतु प्रत्येक लाभार्थी के पास योजना का कार्ड होना अनिवार्य है। कार्ड प्राप्त करने हेतु सरकारी कर्मचारी / सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी को योजना के पोर्टल स्त्र२://शू२.४स्त्र्.ङ्क५.रल्ल पर आवेदन करना होता है। सरकारी कर्मचारी के ऑन लाईन आवेदन का सत्यापन विभागीय आहरण एवं वितरण अधिकारी द्वारा तथा सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी के ऑनलाईन आवेदन का सत्यापन सम्बन्धित कोषाधिकारी द्वारा किये जाने का प्रावधान है। उक्त के सन्दर्भ में यह भी अवगत कराना है कि राज्य कर्मचारियों तथा पेंशनर्स को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराये जाने के लिये ₹पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के कार्ड बनाये जाने हेतु दिनांक 11 सितम्बर 2025 से 16 सितम्बर 2025 तक अभियान चलाया जाना है जिसके अन्तर्गत कार्ड बनाये जाने सम्बन्धी जानकारी / ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया किये जाने हेतु कोषागार विभाग, कलैक्ट्रट जनपद ललितपुर में दिनांक 11 से 16 सितम्बर 2025 तक आयोजित कैम्प में उपस्थित होकर लाभ ले सकते है।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रीयो ने मांगों को लेकर विकास भवन पर दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

आंगनबाड़ी कर्मचारी एसोसिएशन ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा 12 सूत्री मांगों को लेकर विकास भवन में जिले भर की आंगनबाड़ी कार्यकत्री एकत्रित हुई । उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार पर आरोप लगाया अन्य राज्यों की तरह उन्हें भी वेतन दिया जाए।

नेटवर्क की कमी के कारण केवाईसी होने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है रिटायरमेंट के बाद किसी भी आंगनवाड़ी कर्मचारी के लिए सरकार की कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं है इसी तरह की अन्य मांगों को लेकर जिलाध्यक्ष प्रतिभा कौशिक ने कहा कि उनकी समस्याओं का शीघ्र निराकरण प्रदेश स्तर से किया जाना चाहिए धरना प्रदर्शन में संगीता शर्मा अनीता पुरोहित राम दुबे कल्पना झा अवध कुमार आशा देवी प्रेमलता सुनीता देवी उषा राजा बुंदेला सपना गीत जानकी समन्वयक राम कुमारी कमलेश कुमार ही आसिया बानो सरस्वती राशि नायक ममता पवार कल्पना रजक गणेश जी रामसखी सपना अहिल्या देवी अकाल वती संगीता कांता अनीता आशा आदि भारी संख्या में शामिल थी।

पहलवान गुरुदीन प्रशिक्षण कॉलेज में एक दिनी करियर काउंसलिंग हुई

## रोजगार और कॉम्पटीशन के बारे में समझाया





हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिला सेवायोजन के तत्वाधान में पहलवान गुरूदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय, पनारी, मे एक दिवसीय कॅरियर काउसिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के प्रवक्ता श्री गंगा राम विश्वकर्मा, असिस्टेण्ट प्रोफेसर द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में सभी अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण तथा दीप प्रज्जवलन किया गया । इसके उपरान्त श्रीमती आकाँक्षा यादव, जिला रोजगार सहायता अधिकारी, द्वारा संस्थान के छात्र/छात्राओं को रोजगार संगम पोर्टल, आगामी आयोजित होने वाले रोजगार मेलों एवं कम्पटीशन की तैयारी से सम्बन्धित विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। साथ ही महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को उनकी जिज्ञासाओं के बारे में प्रश्नों को पूछकर उनका मार्गदशर्न किया गया। कार्यक्रम में पधारी काउन्सलर डा0 प्रियम्वदा सुड़ेले द्वारा अभ्यर्थियो को शिक्षा क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के विभिन्न आयामों के बारे में बताया गया। कार्यक्रमका समापन करते हुये कॉलेज के प्राचार्य डा0 महेश कुमार झॉ द्वारा समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। सेवायोजन कार्यालय के इस प्रयास की सराहना करते हुये संस्थान की ओर से अनुरोध किया गया कि उनके प्रशिक्षण संस्थान में भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया जाये। इस अवसर पर जिला सेवायोजन कार्यालय के श्री नरेन्द्र कुमार वर्मा, अनुदेशक एवं श्री उमेश कुमार, वरिष्ठ सहायक एवं महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### लिपिकों एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को भी करना है निर्देशों का पालन

# स्कूलों में ई-अटेंडेंस सुनिश्चित करने प्रशासन ने जारी किए विस्तृत निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के समस्त सरकारी स्कूलों में शिक्षकों सहित अन्य लोकसेवकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने जिला प्रशासन ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जारी निर्देशों के तहत हमारे शिक्षक एप पर न केवल शिक्षकों बल्कि शालाओं के समस्त लोकसेवकों शिक्षक, लिपिक वर्ग, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी व अन्य को भी अपनी ई-उपस्थिति दर्ज करवानी है।

जिला शिक्षा अधिकारी कारण सिंह भिलाला ने बताया कि समस्त लोकसेवकों की उपस्थिति हमारे शिक्षक एप के माध्यम से नियमित रूप से लगाई जाए। इसके साथ ही एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर बनाये गये संकुल केन्द्र में प्रदर्शित शालाओ की जानकारी का आदान-प्रदान नवीन बनाये गये संकुलों से ही की जाए। वेतन व्यवस्था पूर्वानुसार ही रहेगी। ऐसे लोकसेवक जिनको बीएसी/जनशिक्षक का प्रभार दिया गया है, वे संबंधित विकासखंड/जनशिक्षा केन्द्र पर उक्तएप के माध्यम से नियमित रूप से उपस्थिति दर्ज करेगे।




#### जहां ड्यूटीरत हों, वहीं से लगाएं ई-अटेंडेंस

जारी निर्देशों के तहत ऐसे लोकसेवक जो एमएड/बीएड करने हेतु अन्यत्र संस्था में गये है, वे उसी संस्था से हमारे शिक्षक एप पर उपस्थिति दर्ज करेगें। लोकसेवको के अवकाश, प्रसूति अवकाश, मेडिकल अवकाश पर होने की स्थिति में अवकाश संबंधी जानकारी भी एप में दर्ज की जाएगी। डीईओ ने बताया कि लोकसेवकों के प्रशिक्षण, शालाओं के कार्य से अन्यत्र जाने की स्थिति में हमारे शिक्षक एप पर जानकारी दर्ज की जाएगी। समस्त शाला प्रभारी/ प्रधानाध्यापक यह सुनिश्चित करेगे कि अधीनस्थ प्रत्येक लोकसेवक नियमित रूप से हमारे शिक्षक एप पर उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं।

#### संकुल प्राचार्य नियमित रूप से प्राप्त करेंगे रिपोर्ट

संकुल प्राचार्यें को संकुल का आईडी एवं पासवर्ड दिया गया है। ऐसे में संकुल प्राचार्य नियमित रूप से हमारे एप पर लगाई जा रही उपस्थिति की रिपोर्ट प्राप्त करेंगे। ऐसे लोकसेवक जिनके द्वारा हमारे शिक्षक एप पर उपस्थिति लगाने में समस्या आ रही है, उनका समाधान करेंगे। तद्उपरांत भी उपस्थिति नहीं लगाये जाने की दशा में कारण बताओ सूचना पत्र जारी करेगे। नोटिस का जवाब प्राप्त होने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करेगे। संकुल प्राचार्य सुनिश्चित करेगे कि एज्युकेशन पोर्टल 3.0 पर प्रदर्शित समस्त शालाओ में पदस्थ लोकसेवक प्रदर्शित हो रहे हैं। यदि कोई लोकसेवक प्रदर्शित नही हो रहा हो तो इसकी सूचना जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय मे उपलब्ध करवाकर जानकारी दर्ज करेगे।

### अपनी मांगों को लेकर पहुंचे कर्मचारियों ने सुनाई व्यथा

# लिपिक वर्ग कर्मचारी संघ ने सौंपा कलेक्टर के नाम अनुरोध पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

हमारे शिक्षक एपलीकेशन पर शिक्षकों द्वारा ई-अटेंडेंस लगाए जाने की अनिवार्यता के दायरे में लिपिकों, भृत्य व अन्य लोकसेवकों को भी लाने के निर्देशों का लिपिकवर्गीय कर्मचारी संघटन ने विरोध जारी किया है। इस संबंध में संघ के बैनरतले कईं लिपिक व कर्मचारी जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां कलेक्टर के नाम अपनी मांगों से संबंधित एक अनुरोध पत्र सौंपा गया।

पत्र में उल्लेख है कि शासन द्वारा ई-अटेंडेंस केवल शिक्षकों एवं स्थान प्रमुखों(हेडमास्टर/प्राचार्यो) के लिए ही अनिवार्य की गई है। जहां तक शिक्षा विभाग के लिपिकीय, क्लेरिकल स्टाफ का संबंध है, तो उस बारे में शासन स्तर से अभी तक कोई स्पष्ट एवं लिखित आदेश प्राप्त नहीं हुए हैं। ऐसी स्थिति में यदि स्थानीय स्तर पर लिपिकों हेतु ई-अटेंडेंस अनिवार्य की जाती है तो यह शासन के आदेश के अभाव में केवल जिला स्तरीय निर्णय प्रतीत हो रहा है। लिपिक संघ पदाधिकारियों के अनुसार वे ई-अटेंडेंस व्यवस्था का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं पर पहले शासन से उसके आदेश जारी होने चाहिए।



**लिखित निर्देशों के बिना न करें कोई कार्यवाही:** लिपिक संघ द्वारा सौंपे गए उक्त ज्ञापन में उल्लेख है कि जब तक शासन से स्पष्ट लिखित निर्देश प्राप्त नहीं होते तब तक किसी भी प्रकार की अनुशासनात्मक कार्यवाही उन पर न की जाए। इस अवसर पर लिपिकवर्गीय कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष जीतेंद्र श्रीवास्तव, राजेश विजयवर्गीय, प्रदीप चौहान, यशपाल हाड़ा, राकेश कुशवाह, प्रभुलाल मालवीय, सुरेश शर्मा, मुनव्वर खान, रमेश शर्मा, शमीम खान, श्रीमती शीला जावा, कौशल्या सोनी, रितेश सक्सेना, रजनीश भट्ट, योगेंद्र सिंह खिंची, अशोक बमोरिया, सिद्धनाथ चौहान, रमेश मालवीय, देवेंद्र जाधव, गिरिराज पिपलोटिया, जीतेंद्र वर्मा, रोहित शाक्यवार, राजेंद्र जोशी, प्रदीप शर्मा, वीरेंद्र सक्सेना सहित अन्य उपस्थित थे।

# मंत्री नारायण सिंह के मुख्य आतिथ्य में भाजपा की जिला बैठक आयोजित

### जनहितकारी कार्यक्रमों की रूपरेखा की गई तैयार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती 2 अक्टूबर तक देशभर में चलने वाले "सेवा पखवाड़ा 2025" के आयोजन को लेकर भाजपा की जिला स्तरीय बैठक ब्यावरा में सम्पन्न हुई।

इस बैठक में प्रदेश सरकार के मंत्री एवं स्थानीय विधायक नारायण सिंह पंवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत होने वाले विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। इसमें रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन एवं कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी, प्रभुत्व संवाद जैसे कार्यक्रम शामिल रहेंगे। साथ ही 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा और 2 अक्टूबर को स्वच्छता अभियान के अंतर्गत व्यापक जनजागरण किया जाएगा।

मंत्री नारायण सिंह पंवार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि "सेवा पखवाड़ा मात्र एक आयोजन नहीं, बल्कि समाजसेवा और जनहित का संकल्प है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले दशक में विश्व स्तर पर एक नई पहचान बनाई है। डबल इंजन की सरकार ने विकास की गंगा गांव-गांव तक पहुँचाने का कार्य किया है। आज गरीबों के घर तक पक्की सड़क, शुद्ध पेयजल, बिजली, आवास और स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाना प्रधानमंत्री की संवेदनशीलता और दूरदर्शिता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि "वर्तमान वैश्विक परिस्थिति में प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। देश ने कोविड जैसी महामारी से लेकर 'आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण तक हर चुनौती में उनका मार्गदर्शन देखा है। उनके नेतृत्व में हमारा देश हर दिन नई उच्चाइयों को छू रहा है। सोशल मीडिया जैसे आधुनिक माध्यमों का भी हमें अधिकतम उपयोग करना चाहिए, ताकि प्रधानमंत्री के विचार और उपलब्धियाँ समाज के हर वर्ग तक सरलता से पहुँच सकें। मंत्री पंवार ने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा को जन-आंदोलन के रूप में मनाएँ और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें। "प्रधानमंत्री का जीवन स्वयं सेवा, समर्पण और राष्ट्रभक्ति का प्रेरक उदाहरण है, इसे हमें अपने जीवन में उतारना होगा।

# युवक को वाहन चालक ने टक्कर मारी

### 25 वर्षीय युवक की घटना स्थल पर ही हुई मौत



**जीरापुर।** नगर के समीपस्थ ग्राम कुन्डीखेडा निवासी एक युवक को वाहन चालक ने टक्कर मारी जिससे 25 वर्षीय युवक की घटना स्थल पर दुखद मौत हो गई पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार कुण्डीखेड़ा निवासी 25 वर्षीय शिव प्रसाद पिता मांगीलाल दांगी मोटर साइकिल से जीरापुर आ रहा था।मध्य रास्ते मे ब्राह्मणखेड़ा के समीप इंडेन गैस के पी कब वाहन ने लापरवाही पूर्वक तेज गति से टक्कर मार दी, जिससे युवक घटनास्थल पर ही मौत का ग्रास बन गया। मृतक शिवप्रसाद दांगी के माता नहीं ळे तथा स्वयं के एक अबोध तीन चार वर्ष का बालक है इस हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए जहां 112 डायल चालक और पुलिस को सूचित किया। तत्काल युवक को सिविल अस्पताल लाया गया जहां पर डॉक्टर द्वारा मृत घोषित किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपा। इस दुखद हादसे की जानकारी गांव में लगी गांव में शोक की लहर छा गई।

### युवक की छेड़खानी से परेशान किशोरी ने फांसी लगाई, पढ़ाई भी बीच में छोड़ दी थी

**विदिशा।** शनिवार रात रायपुरा में एक किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने उसे फंदे पर लटका देखा और पुलिस को सूचना दी, लेकिन घंटों तक कोई भी पुलिस का अधिकारी नहीं पहुंचा। रात में पुलिस ने शव को जिला अस्पताल पहुंचाया। परिजनों के अनुसार किशोरी एक युवक की छेड़खानी से परेशान थी। इस वजह से उसकी पढ़ाई भी छूट गई थी। परिवार ने पुलिस में शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे आरोपी के हौसले बढ़ते गए। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। रविवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों के आरोपों के बाद कोतवाली पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे

### सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह

# चौहान कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तित्व के धनी बनकर रहेः मंत्री टेटवाल



**सारंगपुर।** स्थानीय मांगलिक परिसर में जल संसाधन विभाग शाजापुर के सहायक ग्रेड-2 सुरेश चौहान की सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह एवं उनकी पुस्तक "मेरी जीवंदगी" के विमोचन का आयोजन उनके परिवार द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुरेश चैहान की माताजी श्रीमती भंवरी बाई चैहान एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल रहे। विशेष अतिथि के रूप में जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, सदस्य रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति भोपाल कमलेश सेन, मध्यप्रदेश शिक्षक संघ अध्यक्ष क्षत्रवीर सिंह राठौड़,कवि एवं साहित्यकार त्रिलोकचंद फतेहपुरी, सेवानिवृत्त शिक्षक लक्ष्मीनारायण रुण्डवाल, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज ललित पालीवाल, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश नगर सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान चैहान की भतीजी साक्षी चैहान ने उनके जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे हमेशा "सादा जीवन, उच्च विचार" की सोच के साथ आगे बढ़े। वही जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष श्रीनागर ने अपने उद्बोधन में कहा कि चैहान परिवार सदैव राष्ट्रहित की भावना से कार्यरत रहा है। मुख्य अतिथि डॉ. गौतम टेटवाल ने अपने संबोधन में कहा - सुरेश चैहान और दिनेश चैहान मेरे बचपन के मित्र रहे हैं। मैंने 11वीं तक की पढ़ाई सुरेश चैहान के साथ ही की है। उनके पिताजी स्वर्गीय प्रभुलाल चैहान संघ के समर्पित कार्यकर्ता थे और उसी परंपरा का अनुसरण पूरा परिवार कर रहा है। पूरा परिवार एक छत के नीचे निवास एवं भोजन करता है, जो कुटुंब प्रबोधन का सर्वोत्तम उदाहरण है। सुरेश चैहान ने सदैव ईमानदारी व निष्ठा से कार्य किया, इसलिए वे कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तित्व के धनी रहे हैं। राज्य मंत्री ने कहा कि कालिदास साहित्य अकादमी उज्जैन में उनकी सेवाएं ली जाएंगी। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ ने कहा कि चैहान ने पूरे सेवा काल में शासकीय कार्य के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे जल संसाधन विभाग स्पोर्ट्स क्लब के सचिव रहे और स्वतंत्र लेखक के रूप में भी उनकी पहचान है। कार्यक्रम में उनकी पुस्तक मेरी जीवंदगी का विमोचन हुआ। साथ ही ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत सिंदूर के पौधे का पौधारोपण भी किया गया।

### खेत में महिला को करंट लगा, बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत

**विदिशा।** शनिवार को दो अलग-अलग हादसों में दो लोगों की जान चली गई। उदयगिरि में एक महिला की करंट लगने से मौत हुई। वहीं बूढ़ी बागरोद में एक युवक की सड़क हादसे के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। उदयगिरि में 56 वर्षीय पार्वतीबाई कुशवाहा खेत पर थीं। वह मवेशियों को झटका देने वाली हल्के करंट की मशीन के संपर्क में आ गईं। परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पार्वतीबाई अपने पति के साथ उदयगिरि में खेत

# नगरीय प्रशासन की टीम ने जांची विभिन्न सड़कों की गुणवत्ता

### रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को करेंगे प्रस्तुत



**राजगढ़।** जिले के विभिन्न नगरीय निकायों में बनाई गई सड़कों सहित अन्य कार्यों की गुणवत्ता पर शुरू से सवाल उठ रहे हैं। इसी कड़ी में नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा न केवल राजगढ़ बल्कि सभी निकायों की सड़कों की क्वालिटी चेक करने राजधानी भोपाल स्तर से टीम भेजी जा रही हैं। इसी कड़ी में नगरीय प्रशासन से राजगढ़ पहुंची एक टीम ने सोमवार दोपहर नगर में निर्मित सीसी रोड सहित डामरीकृत सड़कों का मटेरियल निकालकर मशीनों के जरिए उनकी गुणवत्ता की जांच की। विभाग के क्वालिटी मेनेजर श्री शुक्ला के नेतृत्व में इस टीम ने खिलचीपुर नाके से पुराने बस स्टैंड तक बनाई गई डामरीकृत सड़क सहित अन्य सड़कों के मटेरियल के सैंपल निकाले। टीम ने चेक किया कि सड़क निर्माण में इस्तेमाल किया डामर, गिट्टी आदि उच्च क्वालिटी का है या नहीं। इसके साथ ही टेंडर की शर्तों के अनुसार सड़क बनाई गई है या नियमों को दरकिरार किया गया है। टीम में शामिल अधिकारियों ने बताया कि वे अपनी जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों के सम्मुख प्रस्तुत करेंगे।

# सिकंदरी में आनंद ही आनंद छठे दिन रुक्मणी विवाह उत्सव संपन्न



**छापीहेड़ा।** समीपवर्ती ग्राम सिकंदरी में श्री राम जानकी मंदिर परिसर में चल रही श्री भागवत कथा के छठे दिन रविवार को भक्तिमय में वातावरण में भगवान श्री कृष्णा और माता रूकमणि का विवाह उत्सव धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर नगर वासी बड़ी संख्या में शामिल हुए और भक्ति रस में सरोबोर हो गए रविवार शाम से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी रात्रि समय कथा स्थल को भव्य रूप से सजाया गया था जैसे ही रुक्मणी विवाह का प्रसंग आया पूरा पंडाल आनंद और उत्सव से गूंज उठा भगवान श्री कृष्ण की बारात परंपरागत ढंग से निकाली गई जो कालाजी मंदिर से होते हुए मंदिर तक पहुंची ढोल नगाड़ों की धुन और आतिशबाजी के बीच श्रद्धालु राधे कृष्णा और जय श्री कृष्ण के उद्घोष कर रहे थे जगह-जगह बारात का स्वागत किया गया और श्रद्धालुओं ने पुष्य वर्षा कर आनंद को दोगुणा किया। मंदिर पहुंचने के बाद वैदिक मंत्रोच्चार और विधि विधान से देर रात भगवान श्री कृष्णा और माता रुक्मणी का विवाह संपन्न हुआ इस पावन अवसर पर पंडित मुरलीधर व्यास ने विवाह प्रसंग का विस्तार पूर्वक वर्णन किया उन्होंने कहा कि रुक्मणी विवाह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि यहां जीवन में सच्चे प्रेम त्याग और मर्यादा का संदेश देता है।

# विधिक साक्षरता व जन चेतना हेतु वाहन रैली का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं म०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गुना अमिताभ मिश्र, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी, एवं अध्यक्ष अधिवक्ता संघ गुना भूपनारायण सिंह सोलंकी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर दिनांक 13 सितम्बर, 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल कियान्वयन हेतु आज शहर के प्रमुख मार्ग से वाहन रैली निकाली गयी। इस अवसर पर समस्त न्यायाधीशगण, जिला विधिक सहायता अधिकारी अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, पीजी कॉलेज, सोनाली लॉ कॉलेज की छात्र-छात्राये एवं वंदना कॉन्वेंट स्कूल की शिक्षक-शिक्षिका एवं बच्चों का बैंड उपस्थित रहा। छात्राओं के बैंड द्वारा लोक अदालत के प्रचार हेतु बैंड बजाकर पथ प्रदर्शन किया गया। उक्त वाहन रैली में राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, वन विभाग, विद्युत विभाग, चिकित्सा विभाग आबकारी विभाग, खादय विभाग, समस्त बैंक, नगरपालिका, श्रम विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के द्वारा नेशनल लोक अदालत एवं स्वयं के विभाग में चलने वाली जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। वाहन रैली के दौरान शहर स्थित जयस्तंभ चौराहा पर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी द्वारा उद्बोधन देकर दिनांक 13 सितम्बर, 2025 को होने वाली नेशनल लोक अदालत के महत्व के बारे में बताया गया। लोक अदालत में कलेक्टर द्वारा राजस्व विभाग के आपसी सहमति से प्रकरणों के निराकरण कराये जाने जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा वाहन डायल 112 की जानकारी प्रदान की।



# किसी भी राष्ट्र के लिए साक्षरता उसकी उन्नति के लिए जरूरीः बीआरसी वर्मा

### अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

राज्य शिक्षा केंद्र साक्षरता के नियंत्रक डॉ. राकेश शर्मा एवं जिला कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा के आदेशानुसार उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस (8 सितंबर 2025) के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। उत्कृष्ट विद्यालय सारंगपुर में बीएल वर्मा, बीआरसी सारंगपुर ने छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को साक्षरता शपथ दिलाई। इस दौरान संकुल अंतर्गत श्रेष्ठ कार्य करने वाले अक्षर साथियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीआरसी बीएल वर्मा ने कहा कि साक्षरता कार्य एक नेक कार्य है। यदि हर साक्षर व्यक्ति ष्रच वन टीच वनष के तहत एक असाक्षर को पढ़ाए तो देश से निरक्षरता का कलंक मिट सकता है। राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार 1 से 8 सितंबर तक नारा लेखन, रैली, साक्षरता शपथ, अक्षर साथियों का सम्मान और असाक्षर सर्वे जैसे आयोजन किए गए। वर्मा ने कहा कि सभी सामाजिक चेतना केंद्र प्रभारियों को अधिक से अधिक साक्षरों को परीक्षा में बैठाना चाहिए। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्राचार्य पूजा विजयवर्गीय, सुनील सेन, नरसिंह शर्मा, सविता लववंशी, पिंकी यादव, वैजयंती चौरसिया, रजनी व्यास, संगीता सोनी, मंजू भिलाला, सुधा शर्मा, सोमनाथ गौड़ सहित अन्य शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### जपं पर कमीशनबाजी और अस्पताल में मनमानी के नारे

# किसान संघ ने केंद्रीय कृषि मंत्री, सीएम के नाम एसडीएम को दिया ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

भारतीय किसान संघ के आह्वान पर तहसील इकाई सारंगपुर ने सोमवार को किसानों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर कृषि उपज मंडी में सभा का आयोजन कर वाहन रैली निकाली जिसमें 50 से अधिक किसान टैक्टर पर सवार थे पूरे बाजार में रैली निकल कर। सारंगपुर एसडीएम रोहित बम्होरे को केंद्रीय कृषि मंत्री तथा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। रैली के दौरान किसानों ने जनपद पंचायत में चल रहे कमीशन बाजी ओर अस्पताल में मनमानी आदि के आरोप भी लगाकर जमकर नारे बाजी की किसानों ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि प्राकृतिक आपदाओं एवं असमय वर्षा के कारण किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है, जिसके चलते उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।

किसानों ने मुआवजा राशि दिलाने, खरीफ वर्ष 2023-24 की क्षतिपूर्ति, नहरों में पानी उपलब्ध कराने, फसलों के उचित दाम देने, फसल बीमा में सुधार करने, जंगली जानवरों से नुकसान की भरपाई, सिंचाई हेतु पर्याप्त बिजली, खादबीज की समय पर उपलब्धता जैसी कई मांगें रखी। इसके साथ ही ज्ञापन में किसानों ने आरबीसी 64 के तहत 36 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर की राहत राशि दिलाने तथा कंपनियों द्वारा किसानों को बकाया भुगतान शीघ्र करवाने की भी मांग की। ज्ञापन देने वालों में मध्य भारत प्रांत अध्यक्ष सर्वज्ञ दीवान, संभागीय कार्यकारी सदस्य समंदर सिंह राजपूत जिला अध्यक्ष बद्रीलाल नागर देवनारायण नागर, कोषाध्यक्ष कालूराम दांगी आदि मौजूद थे।